**<u>वन उत्पादकता संस्थान,राँची में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का आयोजन</u>**

वन उत्पादकता संसथान रांची में दिनांक 22.05.2014 को जैव विविधता दिवस का आयोजन किया गया| इस अवसर पर डी०ए०वी० विद्यालय, हेहल के प्राचार्य एवं क्षेत्रिय निदेशक डा० टी० पी० पती मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित हुए| कार्यक्रम के शुरुआत में संस्थान के निदेशक डा० एस० ए० अंसारी ने द्वीप एवं जैव विविधता विषय पर अपना प्रस्तुती करण दिया| इन्होने अपनी प्रस्तुती में जीव-जंतुवों,वन इत्यादि की स्थिति एवं इनके संरक्षण पर जोर दिया| मुख्य अतिथि डा० टी० पी० पती ने भी सभा को संबोधित करते हुए वनों के महत्व एवं इनके संरक्षण के बारे में प्रकाश डाला|

इस अवसर पर बच्चों में जागरूकता पैदा करने हेतु डी०ए०वी० विद्यालय हेहल एवं वन उत्पादकता संस्थान राँची के संयुक्त तत्वाधान में चित्रांकन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था| इसके अंतर्गत चित्रांकला में आकांक्षा कुमारी, कक्षा सात -बी एवं निबंध लेखन में मयंक राज,कक्षा आठ -डी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया| उपरोक्त प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थानों पर रहे प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि डा० टी० पी० पती एवं संस्थान के निदेशक डा० एस० ए० अंसारी द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया| कार्यक्रम का सफल संचालन डा० संजय सिंह ने किया |इस अवसर पर संस्थान के समस्त वैज्ञानिक ,कर्मचारी डी०ए०वी० विद्यालय हेहल के छात्र, उनके अभिभावक इत्यादि उपस्थित थे|

कार्यक्रम के अंत में सभा के संयोयक ,डा० शरद तिवारी द्वारा सभा में उपस्थित समस्त सभाजनों के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव दिया गया |


Island




International Day of Biological Diver
"IDB -2014"
Theme : Island Biodiversity
22nd MAY, 2014
INSTITUTE OF FOREST PRODUCTIVITY
(Indian Council of Forestry Research & Education)
Aranyodaya, NH-23, Lalgutwa , Ranchi-835303


International Day of Biological Diversity
"IDB -2014"
Theme : Island Biodiversity
22nd MAY, 2014
INSTITUTE OF FOREST PRODUCTIVITY
(Indian Council of Forestry Research & Education)


International Day of Biological Diversity
"IDB -2014"
Theme : Island Biodiversity
22nd MAY, 2014


International Day of Biological Diversity
"IDB -2014"
Theme : Island Biodiversity
22nd MAY, 2014
INSTITUTE OF FOREST PRODUCTIVITY
(Indian Council of Forestry Research & Education)










First Position in Drawing Competition
Akanksha Class -VII-B


ISLAND AND BIODIVERSITY

शुक्रवार, 23 मई 2014

**हिन्दुस्तान**

# जैव विविधता के संरक्षण पर किया चिंतन-मनन



रांची। वन उत्पादकता संस्थान में गुरुवार को जैव विविधता दिवस का आयोजन किया गया। यूनाइटेड नेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय जैव-विविधता दशक घोषित करने के उपलक्ष्य में हर साल इसका आयोजन होता है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ एसए अंसारी ने 'भारत की जैव विविधता' विषय पर अपनी प्रस्तुति में इसके महत्व एवं इसके क्षरण के कारणों की जानकारी दी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीएवी, हेहल के प्राचार्य व क्षेत्रीय निदेशक डॉ टीपी पती ने वनों के महत्व और इनके संरक्षण पर प्रकाश डाला।

**चित्रांकन व निबंध प्रतियोगिता :** बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से डीएवी हेहल और वन उत्पादकता संस्थान रांची के संयुक्त तत्वावधान में चित्रांकन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पहले तीन स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ संजय सिंह ने किया। इस अवसर पर संस्थान के समस्त वैज्ञानिक ,डीएवी के कर्मचारी, छात्र और उनके अभिभावक उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ शरद तिवारी ने किया।

---

**सन्मार्ग**

रांची, शुक्रवार, 23 मई 2014

www.sanmargjharkhand.com

वन उत्पादकता संस्थान रांची में जैव विविधता दिवस का आयोजन

# 'जैव विविधता के संरक्षण में नागरिक भागीदारी बढ़े'

संवाददाता

रांची : जैव विविधता के संरक्षण के लिए नागरिकों की भागीदारी बढ़नी चाहिए। उक्त बातें अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के तहत द्वीप जैव विविधता विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन उत्पादकता संस्थान के निदेशक डॉ एसए अंसारी ने कही। डॉ अंसारी ने भारत की जैव विविधता विषय पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया। प्रस्तुति में जैव विविधता के महत्व एवं इसके क्षरण के कारणों के बारे भी बताया। उन्होंने जैव विविधता के संरक्षण एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाये जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी।

इस मौके पर डीएवी स्कूल हेहल के प्राचार्य एवं क्षेत्रीय निदेशक डॉ टीपी पति ने वनों के महत्व और इनके संरक्षण के बारे में प्रकाश डाला। उल्लेखनीय है कि यूनाइटेड नेशन द्वारा सन् 2011 से लेकर 2020 तक के दशक को जैव विविधता दशक घोषित किया गया है। जिसके तहत प्रत्येक वर्ष नये विषय के तहत अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष यह द्वीप जैव विविधता दिवस पर मनाया जा रहा है। इस मौके पर बच्चों में जागरूकता पैदा करने के लिए डीएवी स्कूल हेहल और वन उत्पादकता संस्थान रांची के संयुक्त तत्वावधान में चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थानों पर रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ संजय सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभा के संयोजक डॉ शरद तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।




अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत बच्चे व कार्यक्रम के संचालकगण। छाया : सन्मार्ग

---

**रांची एक्सप्रेस**

रांची, शुक्रवार 23 मई 2014

# वन उत्पादकता संस्थान में जैव विविधता दिवस मना

रांची, 22 मई : [illegible]



[illegible]

---

रांची, 23 मई 2014 **दैनिक जागरण** 3

# जैव विविधता के संरक्षण पर जोर

**राज्य ब्यूरो, रांची :** वन उत्पादकता संस्थान, रांची में गुरुवार को जैव विविधता दिवस मनाया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने जैव विविधता के संरक्षण पर जोर देते हुए वनों के महत्व व इनके संरक्षण की जानकारी दी। मौके पर डीएवी हेहल के प्राचार्य एवं क्षेत्रीय निदेशक डॉ. टीपी पति मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। वन उत्पादकता संस्थान के निदेशक डॉ. एसए अंसारी ने भारत की जैव विविधता विषय पर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर चित्रांकन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता भी हुई।